बसताड़ा गांव में स्वयंसेविकाओं ने शिक्षा संबंधित किया सर्वेक्षण

करनाल. राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा द्वारा शिविर में उपस्थित स्वयं सेविका।

करनाल | राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा द्वारा शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं द्वारा गांव में नीट अर्थात जो युवा रोजगार में नहीं है या शिक्षा में नहीं है उससे संबंधित सर्वेक्षण किया गया। स्वयं सेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों से सर्वे से संबंधित विभिन्न डेटा एकत्र किया। यह सर्वेक्षण युवा और खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित है जिसके आधार पर युवाओं के लिए नई नीतियों का निर्माण किया जाएगा। सरपंच सुरेश फौजी के द्वारा इस कार्य में पूरा सहयोग किया गया । शिविर में डॉ. श्रुति अंग्रेजी प्राध्यापिका तथा डॉ. विक्रम सिंह हिंदी प्राध्यापक उपस्थित रहे।